# कार्यालय अधिष्ठाता
## राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ0ग0

Telephone No. 07774-299311 E-mail— deanmedicalcollegesurguja@gmail.com


क्रमांक/11788 /स्था0 शाखा /शाचिम/2024 अम्बिकापुर, दिनांक 19-9-2024

## //सूचना//

कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला– सरगुजा छ0ग0 के विज्ञापन क्रमांक/8787/शा.चि.म./स्था.–3/2017 अम्बिकापुर, दिनांक 12.09.2017 के द्वारा **जूनियर टेक्नीशियन के 02 पद, वाहन चालक के 03 पद** तथा **सीनियर टेक्नीशियन के 01 पद** हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

उपरोक्त विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही किये जाने हेतु **स्क्रूटनी/दस्तावेज सत्यापन तथा परीक्षा कार्यक्रम** निम्नानुसार निर्धारित तिथियों पर आयोजित किया गया है:–

| **स्क्रूटनी/दस्तावेज सत्यापन** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0** | **पदनाम** | **स्क्रूटनी का दिनाँक** | **समय** | **स्थान** |
| 01 | सीनियर टेक्नीशियन इलेट्रॉनिक्स | 07.10.2024 | दोपहर 12:00 बजे से | राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर |

| **परीक्षा कार्यक्रम** | | | |
|---|---|---|---|
| क्र0 | पदनाम | परीक्षा दिनाँक | स्थान |
| 01 | जूनियर टेक्नीशियन | 15.10.2024 | राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर |
| 02 | वाहन चालक | 15.10.2024 | |

18.09.2024

अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर
जिला– सरगुजा छ0ग0

कार्यालय अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ0ग0
Telephone No. 07774-299311 E-mail— deanmedicalcollegesurguja@gmail.com

क्रमांक / 11790 / स्था0 शाखा / शाचिम / 2024 अम्बिकापुर, दिनांक 19-9-2024

# परीक्षा निर्देश

1. **प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी :–**

परीक्षा के लगभग 07 से 10 दिन पूर्व एडमिट कार्ड संस्था की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। अभ्यर्थी अपनी संस्था की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा पश्चात् भी एडमिट कार्ड संभालकर रखें। काउंसलिंग के समय तथा सर्विस ज्वाइनिंग के समय इसे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**पोस्ट ऑफिस अथवा ईमेल के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जायेगा।**

2. **पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी :–**

उक्त परीक्षा हेतु विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कर लेवें, आवश्यक समझे तो प्रिंट कर लेवें।

3. **परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–**

(अ) परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लायें :–

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) – संस्था से डाउनलोड करने उपरांत नवीन रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ चस्पा करें तथा निर्धारित स्थान पर अभिप्रमाणित कर परीक्षा कक्ष में उपस्थित होवें।

(2) नीला बॉलपेन।

(3) अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, पैन कार्ड, वोटर आई डी लेकर ही परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होवें, जिससे कि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। **मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से उन्हें वंचित किया जायेगा।**

(4) परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

**नोट :– अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र एवं पेन के अलावा अन्य सामग्री लाना वर्जित रहेगा।**

4. परीक्षा पद्धति एवं मूल्यांकन पद्धति :—

दिये गये प्रश्न के चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा। सही विकल्प पर उत्तर शीट में उत्तर के सामने नीले बॉलपेन से सही (✓) का निशान लगाना होगा। गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर (—) ऋणात्मक अंक का प्रावधान होने से एक गलत उत्तर पर नियत अंक का 1/4 अंक काटे जायेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किये जायेंगे उनके लिये शून्य अंक प्रदान किये जायेंगे।

परीक्षा सम्पन्न होने के बाद संस्था द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र विश्लेषण पश्चात मॉडल उत्तर तैयार किया जावेगा तथा उसे संस्था के वेबसाइट/नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जावेगा।

यदि किसी परीक्षार्थी को संस्था द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर सप्रमाण दावा/आपत्ति केवल पंजीकृत डाक एवं रजिस्ट्री डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। नियत तिथि के पश्चात अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये गये दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग—अलग प्रस्तुत करना होगा। एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जायेगा। कितने भी प्रश्नों पर दावा/आपत्ति अलग— अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा।

प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण पश्चात निराकरण किया जाता है तथा मॉडल उत्तर में आवश्यक संशोधन या निरसन पश्चात अंतिम उत्तर तैयार किया जाता है, जिसे संस्था के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर संस्था द्वारा उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाता है। **संस्था द्वारा जारी अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।**

## "परीक्षा पाठ्यक्रम"

| पदनामः— **जूनियर टेक्नीशियन** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 | विषय | प्रश्न | अंक | समय |
| 01 | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक्स/रेफ्रीजरेशन/मैकेनिकल | 90 | 90 | 01:30 घण्टे |

| पदनामः— वाहन चालक | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 | विषय | प्रश्न | अंक | समय |
| 01 | वाहन चालन पाठ्यक्रम से संबंधित | 40 | 40 | 40 मिनट |

5. त्रुटि पूर्ण प्रश्न एवं उसका निरस्तीकरण :–

परीक्षा उपरांत संस्था द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रत्येक प्रश्न के परीक्षण पश्चात् मॉडल उत्तर एवं दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात् अंतिम उत्तर तैयार किया जावेगा। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न को त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर निरस्त किया जा सकेगा यदि :–

1. प्रश्न की संरचना गलत हो,
2. उत्तर के रूप में दिये गये विकल्पों में से अधिक विकल्प सही हो,
3. कोई भी विकल्प सही न हो,
4. मुद्रण त्रुटि हुई हो उससे सही उत्तर न हो।

**तद्नुसार कुल प्राप्तांक आधार पर मेरिट निर्धारित होगी।**

(05) परीक्षा परिणाम :–

संस्था द्वारा नियमों के आधार पर मेरिट सूची एवं कुल प्राप्तांक घोषित की जावेगी। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम संस्था की वेबसाइट https://gmcambikapur.co.in/ पर देख सकते हैं तथा प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।

(06) पुनर्गणना/मूल्यांकन :–

पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।

**(07) परीक्षा केन्द्र का विवरण** :– राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर जिला– सरगुजा छ0ग0।

18.09.2024
अधिष्ठाता
राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर
जिला– सरगुजा छ0ग0